बड़े प्यारे लगते है मेरे बाबा

बड़े प्यारे लगते है मेरे बाबा,
तेरे दर्शन तेरा मंदिर और तुम,

ग्यारस तेरी जब जब आये मन मेरा हरषाये,
दुनिया के किसी कोने में हो याद तुम्हारी आये,
बड़े प्यारे लगते है मेरे बाबा....

जब तक दर्शन ना करलु मैं,
चैन नहीं आता है,
नैनो से नैना मिलते ही प्यार ये बढ़ जाता है,
बड़े प्यारे लगते है मेरे बाबा

तेरे मंदिर की खुशबू से मन ये महक जाता है,
भजनो को तेरे गा कर के दीप चहक जाता है,
बड़े प्यारे लगते है मेरे बाबा तेरे दर्शन तेरा मंदिर और तुम,

श्याम कहे ग्यारस के दिन तो ऐसा जादू चलाये,
ग्यारस के जाते फिर से ग्यारस की याद आये,
बड़े प्यारे लगते है मेरे बाबा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13277/title/bde-pyaare-lagte-hai-mere-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |